प्रेस नोट संख्या - 36

दिनांक 26.03.2026

सराहनीय कार्य थाना गौरीगंज पुलिस व स्वाट टीम जनपद अमेठी।

"ऑपरेशन चक्रव्यूह" अभियान के तहत एटीएम बूथ में चोरी के प्रयास की घटना का खुलासा, चोरी के 02 सीसीटीवी कैमरे व 01 एटीएम मशीन की-बोर्ड के साथ 03 अभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त 03 स्टाल कपड़े, 01 लोहे का पाइप, 01 हथौड़ी व 02 मोटरसाइकिल बरामद।

घटना का संक्षिप्त विवरण:- दिनांक 24/25.03.2026 की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा ऐंधी में लगे एटीएम मशीन व कैमरों से तोड़-फोड़ करते हुये प्रथमदृष्ट्या एटीएम में चोरी करने के प्रयास की घटना में संबन्ध में आवेदक (बैंक मैनेजर, बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा ऐंधी) श्री जितेन्द्र कुमार पुत्र सोनकर बाबू निवासी बन्नाटीकर गौरीगंज थाना गौरीगंज जनपद अमेठी से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना गौरीगंज पर मु0अ0सं0 73/26 धारा 303(2), 334(2), 324(3) बी0एन0एस0 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया है। **पुलिस अधीक्षक अमेठी महोदय द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये थे।**

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 26.03.2026 को क्षेत्राधिकारी गौरीगंज श्री अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना गौरीगंज पुलिस व स्वाट टीम अमेठी की संयुक्त टीम द्वारा बाबूगंज बाजार में **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** अभियान के तहत चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहन के दौरान 02 मोटरसाइकिल सवार कुल 03 संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिये जिन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो गाड़ी मोड़कर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम द्वारा हिकमतअमली से घेरकर तीनों संदिग्धों को पकड़ लिया गया। नाम व पता पूछने पर **पहले ने अपना नाम** सोनू गुप्ता पुत्र रमेश कुमार गुप्ता निवासी कूढ़ा बाजार थाना नसीराबाद जनपद रायबरेली उम्र करीब 20 वर्ष, **दूसरे ने अपना नाम** कपिल गुप्ता पुत्र दुलारे गुप्ता निवासी कूढ़ा बाजार थाना नसीराबाद जनपद रायबरेली उम्र 18 वर्ष व **तीसरे ने अपना नाम** करन पासवान पुत्र रामसरन निवासी बनी स्टेशन के पास ऐंधी थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष बताया। पकड़े गये व्यक्तियों के कब्जे से बरामद बैग से कुल 03 स्टाल कपड़ा, 01 एटीएम मशीन की-बोर्ड, 02 सीसीटीवी कैमरा बरामद हुए। मोटरसाइकिलों के कागज मांगने पर दिखा न सके।

बरामदगी के संबन्ध में पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने बताया कि **उन तीनों लोगों द्वारा स्टाल ओढ़कर पहचान छिपाते हुये दिनांक 25.03.2026 की रात्रि में ऐंधी में बैंक ऑफ बड़ौदा एटीएम मशीन को तोड़कर उसमें रखे रुपयों को निकालने का प्रयास किया गया परन्तु पुलिस वाहन के आवागमन के कारण मशीन को खोल नहीं पाये। मशीन खोल न पाने के कारण एटीएम के पास लगे कैमरों व एटीएम मशीन के की-बोर्ड को तोड़कर चुरा ले गये थे।** अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 लोहे की पाइप व 01 हथौड़ी को गुवांवा मोड़ के सामने रेलवे लाइन के पास झाड़ियो से बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2) बी0एन0एस0 की बढ़ोत्तरी करते हुये तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता –

1. सोनू गुप्ता पुत्र रमेश कुमार गुप्ता निवासी कूढ़ा बाजार थाना नसीराबाद जनपद रायबरेली उम्र करीब 20 वर्ष।
2. कपिल गुप्ता पुत्र दुलारे गुप्ता निवासी कूढ़ा बाजार थाना नसीराबाद जनपद रायबरेली उम्र 18 वर्ष।
3. करन पासवान पुत्र रामसरन निवासी बनी स्टेशन के पास ऐंधी थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष।

बरामदगी-

1. चोरी के 02 सीसीटीवी कैमरे व 01 एटीएम मशीन का की-बोर्ड।
2. 01 लोहे की पाइप।
3. 01 हथौड़ी।
4. 02 मोटरसाइकिल।
5. घटना कारित करते समय पहचान छुपाने हेतु प्रयुक्त किये गये 03 स्टाल कपड़ा।

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0 73/26 धारा 303(2), 334(2), 324(3), 317(2) बी0एन0एस0 थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।

पुलिस टीम-

थाना गौरीगंज पुलिस-

1. श्री अरुण कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 दिवाकर थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
3. उ0नि0 राजेन्द्र सिंह थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
4. का0 पवन थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
5. का0 बृजेश कुमार थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।

स्वाट/सर्विलांस टीम-

1. श्री अनूप कुमार सिंह प्रभारी स्वाट टीम अमेठी।
2. हे0का0 आलोक सिंह स्वाट टीम अमेठी।
3. हे0का0 आशीष चौहान सर्विलांस टीम अमेठी।
4. का0 जयहिन्द यादव स्वाट टीम अमेठी।
5. का0 शिवराम स्वाट टीम अमेठी।
6. का0 सिकन्दर स्वाट टीम अमेठी।
7. का0 दीपचन्द यादव स्वाट टीम अमेठी।
8. का0 शिवप्रकाश मौर्या स्वाट टीम अमेठी।

उक्त सराहनीय कार्य करने वाली थाना गौरीगंज पुलिस व स्वाट टीम अमेठी की संयुक्ट टीम को पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 15,000/- रुपये नकद पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की गई।